**भारत सरकार**
**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 949**
**उत्तर देने की तारीख : 27.06.2019**

## बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम

**949. श्री गोपाल शेट्टीः**

क्या **अल्पसंख्यक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पूरे देश, विशेषकर महाराष्ट्र में उन जिलों और नगरों के नाम क्या हैं, जिन्हें अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) के तहत शामिल किया गया है;

(ख) क्या सरकार को एमएसडीपी के अंतर्गत मुंबई को शामिल करने के लिए लोक प्रतिनिधियों की ओर से अनुरोध प्राप्त हुए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने मुंबई में मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में बच्चों के उत्थान के लिए शैक्षणिक संस्थानों, आईटीआई और कौशल विकास केन्द्रों को खोलने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं अथवा उठाने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्री** **(श्री मुख्तार अब्बास नकवी)**

(क) से (ग): सरकार ने 2018–19 में राज्य सरकारें, सांसदों, सामान्य जनों आदि जैसे विभिन्न स्टेकहोल्डरों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर बहु–क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम (एमएसडीपी) का पुनर्गठन किया तथा संपूर्ण देश के अभिज्ञात 1300 अल्पसंख्यक बहुल क्षेत्रों (एमसीएस) में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम (पीएमजेवीके) के रूप में कार्यक्रम को कार्यान्वित किया है। महाराष्ट्र के एमसीए में मुम्बई सबरबन एवं मुम्बई जिला मुख्यालय सहित 10 जिला मुख्यालय, 28 ब्लॉक एवं 34 नगर शामिल है। एमसीए का विवरण http://www.minorityaffairs.gov.in पर उपलब्ध है।

(घ) और (ङ): राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर पीएमजेवीके के तहत परियोजनाओं को स्वीकृति दी जाती है। परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए प्राथमिकता का क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य तथा कौशल विकास है।

******